# वित्तीय दिशा निर्देश

**कार्यक्रम का नाम– Care of Sick Children and Severe Malnutrition**

**बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष–** Implementation of activities in districts (Management of Malnourished children at peripheral institutions- nutrition clinics at PHCs & APHCs, Nutrition Surveillance, nutritious food supplements.

**बजट क्रम संख्या /एफ०एम०आर० कोड संख्या–** A.2.5.3

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण –**

6. **उद्देश्य –**

   a. 7 महीने से 60 महीने के उम्र तक के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों में कुपोषण को नियंत्रित करना।

   b. कुपोषित बच्चों (Malnourished children) जिनका व्यापकता दर (Prevalence Rate) 58% है, उसे 10% से कम पर लाना है ।

वित्तीय वर्ष 2012–13 में मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (APHC) में साप्ताहिक पोषण क्लिनिक की स्थापना की जानी है। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को पोषण क्लिनिक का संचालन किया जाना है जहाँ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता ए0एन0एम0/आशा/आँगनवाड़ी सेविका अपने–अपने क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों को लेकर आयेंगे । गंभीर कुपोषण से ग्रस्त बच्चे जिन्हें अन्य विशेष सुविधाओं की आवश्यकता है पोषण पुर्नवास केन्द्र, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा लाभ हेतु भेज दिये जायेंगे । अन्य बच्चों की चिकित्सा एवं सलाह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोषण क्लिनिक पर ही किया जाना है । क्लिनिक स्थापना के अंतर्गत विभिन्न फर्निचर/सामग्रियों का क्रय किया जाना है । साथ ही उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उपरोक्त जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा पदाधिकारी, स्टाफ नर्स, ए0एन0एम, आशा एवं आँगनवाड़ी सेविका को प्रशिक्षित किया जाना है ।

## वित्तीय दिशा निर्देश

1. **साप्ताहिक पोषण क्लिनिक की स्थापना** : वित्तीय वर्ष 2012–13 में मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साप्ताहिक पोषण क्लिनिक की स्थापना के अंतर्गत विभिन्न फर्निचर/सामग्रियों के क्रय हेतु निम्नानुसार राशि उपलब्ध करायी जा रही है :

**फर्निचर के क्रय हेतु राशि (रू0 में)**

**इकाई राशि : 12000/– रू0 प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**

| Type | Name of Items | Unit Cost | Quantity | Total Cost |
|---|---|---|---|---|
| Furniture | Table | 3000 | 1 | 3000 |
| | Chair | 500 | 3 | 1500 |
| | Ceiling Fan | 1500 | 2 | 3000 |
| | Bench | 1500 | 3 | 4500 |
| | | | **Total** | **12000** |

**अन्य सामग्रियों के क्रय/मुद्रण हेतु राशि (रू0 में)**

**इकाई राशि : 8900/– रू0 प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**

SKumar

| Type | Sl. No. | Name of Items | Unit Cost | Quantity | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|
| Equipments for Anthropometric Measurement | 1 | Electronic Platform scale | 4000 | 1 | 4000 |
| | 2 | Infanto meter | 1200 | 1 | 1200 |
| | 3 | MAUC tape | 10 | 10 | 100 |
| | 4 | window chart for measuring W/H | 100 | 3 | 300 |
| | 5 | child register | 200 | 3 | 600 |
| | 6 | IYCF feeding kit | 2500 | 1 | 2500 |
| | 7 | Thermometer | 100 | 2 | 200 |
| | | | | **Total** | **8900** |

2. **प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (MOIC) का प्रशिक्षण** : इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण NIN, हैदराबाद में मास्टर ट्रेनर के रूप में दिया जाना है । उक्त प्रशिक्षण हेतु विभिन्न मदों में निम्नानुसार राशि उपलब्ध करायी जा रही है :–

**इकाई राशि : 11000/– रूपये प्रति प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु**

| 3 Days Training of MOIC as master trainer in NIN Hydrabad | | | |
|---|---|---|---|
| **Activity** | **Duration** | **Unit cost** | **Total Cost** |
| TA | | 4000 | 4000 |
| DA | 3 | 1000 | 3000 |
| Lodging | 3 | 1000 | 3000 |
| Local expenses & Misc | | 1000 | 1000 |
| | | **Total** | **11000** |

3. **चिकित्सा पदाधिकारी (MO) का प्रशिक्षण** : इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी का दो दिवसीय प्रशिक्षण संबंधित सदर अस्पताल में प्रशिक्षित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया जाना है । उक्त प्रशिक्षण हेतु विभिन्न मदों में निम्नानुसार राशि उपलब्ध करायी जा रही है :–

**इकाई राशि : 600/– रूपये प्रति चिकित्सा पदाधिकारी/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु**

| 2 Days Training of MOs of PHCs and APHCs in Dist Hospital | | | |
|---|---|---|---|
| **Activity** | **Duration** | **Unit cost** | **Total Cost** |
| Lunch and refreshment | 2 | 250 | 500 |
| Folder and Training Materials | | 100 | 100 |
| | | **Total** | **600** |

4. **स्टाफ नर्स एवं ए0एन0एम0 का प्रशिक्षण** : इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक स्टाफ नर्स एवं एक ए0एन0एम0 का दो दिवसीय प्रशिक्षण संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रशिक्षित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया जाना है । उक्त प्रशिक्षण हेतु विभिन्न मदों में निम्नानुसार राशि उपलब्ध करायी जा रही है :–

**इकाई राशि : 400/– रूपये प्रति स्टाफ नर्स/ए0एन0एम0/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु**

S Kumar

| 2 Days Training of one staff nurse and one ANM of PHCs and APHCs in PHC | | | |
|---|---|---|---|
| **Activity** | **Duration** | **Unit cost** | **Total Cost** |
| Lunch and refreshment | 2 | 150 | 300 |
| Folder and Training Materials | | 100 | 100 |
| | | **Total** | **400** |

5. **आशा एवं आँगनवाड़ी सेविका का प्रशिक्षण** : इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आशा एवं आँगनवाड़ी सेविका का दो दिवसीय प्रशिक्षण संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स/ए0एन0एम0 के द्वारा दिया जाना है । उक्त प्रशिक्षण हेतु विभिन्न मदों में निम्नानुसार राशि उपलब्ध करायी जा रही है :–

**इकाई राशि : 150/– रूपये प्रति आशा/आँगनवाड़ी सेविका हेतु**

| 2 Days Training of ASHA and AWW in PHC | | | |
|---|---|---|---|
| **Activity** | **Duration** | **Unit cost** | **Total Cost** |
| Refreshment | 2 | 50 | 100 |
| Folder and Training Materials | | 50 | 50 |
| | | **Total** | **150** |

6. **आशा हेतु प्रोत्साहन राशि**: इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, गया एवं जहानाबाद जिला के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित साप्ताहिक पोषण क्लिनिक में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को जाँच हेतु लाने एवं प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन के रूप में 250/– रू0 प्रति आशा के दर से राशि उपलब्ध करायी जा रही है ।

**इस संदर्भ में पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या एवं तिथि :**

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का नाम–डा० एन0 के0 मिश्रा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/सलाहकार का फोन नंबर–9470003022

SKumar